# चिराग पासवान ने 'किस्से कुछ खास' पुस्तक का किया विमोचन

ब्यूरो | नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में 'किस्से कुछ खास' पुस्तक का विमोचन किया। पद्मश्री प्रो पुष्पेश पंत और सेलिब्रिटी शेफ कुणाल कपूर द्वारा लिखित एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस की इस पुस्तक में बिरयानी की यात्रा को राजसी दरबारों से लेकर हर भारतीय घर तक के सफर दर्ज है। यह पुस्तक न केवल विभिन्न राजवंशों और क्षेत्रों में चावल के विकास का वर्णन करती है, बल्कि यह भी बताती है कि बासमती कैसे भारत के त्योहारों, परंपराओं और रोजमर्रा के समारोहों में गहराई से बुना गया है। पुस्तक में 15 चुनी हुई रेसीपी शामिल हैं, जो बासमती चावल की बहुमुखी प्रतिभा को उसके विविध रूपों में प्रदर्शित करती है, जो पाठकों को एक गहन पाक यात्रा प्रदान करती है। इस अवसर पर लेखक द्वय पद्मश्री पुष्पेश पंत और कुणाल कपूर के साथ एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के प्रबंध निदेशक अंगशु मलिक भी प्रमुखता से मौजूद थे।



दैनिक भास्कर
Sun, 28 September 2025
https://epaper.bhaskarhi